हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
17 अप्रैल 2024, समय 1305

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामनवमी के अवसर पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।
सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि रामनवमी सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि श्री राम का नि:स्वार्थ प्रेम, वीरता और उदारता के उच्चतम आदर्श मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि श्री राम का दिव्य आशीर्वाद लोगों के जीवन को आनंद, शांति और समृद्धि से भर देता है। उन्होंने कहा कि श्री राम के आदर्शों ने सदियों से कई लोगों का मार्गदर्शन किया है। श्री धनखड़ ने लोगों से श्रीराम के दिखाए गए मार्ग चल कर और उनके आदर्शों का पालन करके एक समृद्ध और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए दृढ़ता से काम करने का आग्रह किया।
वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच सदियों के इंतजार के बाद इस रामनवमी को अयोध्या में मनाना सौभाग्य की बात है। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि श्री राम का जीवन और आदर्श विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रभु का आशीर्वाद आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

....

हरियाणा और चंडीगढ़ में आज राम नवमी का पर्व पूरी श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जा रहा है।

पानीपत से हमारे संवाददाता ने प्रेम मंदिर में राम नवमी भव्य आयोजन की खबर दी है। संवाददाता ने बताया है कि मंदिर में अयोध्या की तर्ज़ पर राम दरबार बनाया गया है। यहां भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं।

शहर में जगह जगह सुंदर कांड का पाठ हवन यज्ञ और कीर्तन चल रहा है और भंडारे लगाये गए हैं। पानीपत के वार्ड नंबर 7 के श्रीराम मंदिर में 9 दिनों तक चले रामचरित मानस के नवाह प्रयाण पाठ का आज भोग डाला गया।

शहर में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा शोभा यात्रा भी निकाली गई। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने रामनवमी पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

....

जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने हरियाणा में 25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।
जेजेपी ने चरखी दादरी के बाढ़ड़ा से विधायक और पार्टी अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला की धर्मपत्नी नैना चौटाला को हिसार लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला भारतीय जनता पार्टी के रणजीत सिंह चौटाला के ख़िलाफ़ चुनाव लड़ेंगी।

जननायक जनता पार्टी ने सिरसा लोकसभा सीट से पूर्व विधायक रमेश खटक, भिवानी-महेंद्रगढ़ से पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह और गुरुग्राम लोकसभा सीट से प्रसिद्ध कलाकार एवं गायक राहुल यादव फाजिलपुरिया को उम्मीदवार घोषित किया है, जबकि जेजेपी के युवा नेता नलिन हुड्डा फरीदाबाद से चुनाव लड़ेंगे।

....

संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा कल घोषित किए गए सिविल सेवा परीक्षा के अंतिम परिणाम में सोनीपत के गांव माहरा के मूल निवासी और इस समय सोनीपत शहर में रह रहे अभिमंयु मलिक ने देशभर में 60वां रैंक हासिल किया है।

अभिमंयु फिलहाल दिल्ली में एसडीएम पद के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्हें बचपन से ही गायकी एवं पढ़ने का शौक रहा है।

गत वर्ष अपने पांचवें प्रयास में वे बेहतर रैंक हासिल नहीं कर पाये थे।

वहीं चरखी दादरी निवासी डॉ. तरूण पाहवा ने 231वां रैंक हासिल कर यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। डॉ. तरूण ने पीजीआई रोहतक से एमबीबीएस की पढ़ाई की है।

महम की डॉ. प्रगति वर्मा ने 355वां रैंक हासिल किया है। अंबाला में मंडल आयुक्त के ओएसडी के पद पर कार्यरत डॉ. प्रगति ने गत वर्ष हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल किया था।

डॉ. प्रगति ने भी पीजीआई रोहतक से एमबीबीएस की पढ़ाई की है और पीजीआई चंडीगढ़ से एमडी की डिग्री ली है।

....

अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की महिला हैंडबॉल टीम ने कांस्य पदक जीता है।
हैंडबॉल टीम के कोच मनजीत सिंह ढ़ांडा ने बताया कि राजस्थान के उदयपुर में 12 से 16 अप्रैल राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की महिला हैंडबॉल टीम ने अमृतसर के गुरू नानक देव विश्वविद्यालय की टीम को 13 गोल से हराकर यह पदक हासिल किया।

....

पलवल जिले में अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के लिए चनाये गए अभियान के दौरान हथीन अपराध शाख ने कल देसी कट्टे सहित एक युवक को काबू किया है।
पुलिस अधिकारी दीपक गुलिया ने बताया कि एक सूचना के आधार पर उसे हथीन बस अड्डा से काबू किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

....